सभी कक्षा के पेपर के लिये अभी Board Prep 2.0 यूट्यूब चैनेल को सब्सक्राइब करे।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न. 21-24)

निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न-21. अपने जिले की नदी की विशेषताएँ लिखिए ?

उत्तर

1. हमारे जिले में ताप्ती नदी है ।

2. इस नदी का उद्गम बैतूल जिले के मुलताई तहसील के पास ताप्ती तालाब को माना जाता है।

3. ताप्ती नदी को सूर्य की बेटी माना जाता है।

4. धार्मिक मान्यता है कि ताप्ती नदी दुनिया की एकमात्र नदी है, जो हड्डियों को गला देती है।

5. इस नदी की धारा में दीपदान, पिंडदान और तर्पण का विशेष महत्व है।

प्रश्न-22. वृक्ष पर पाँच वाक्य लिखिए ।

उत्तर

1. पेड़ से हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन मिलती है।

2. पेड़ हमारे लिए प्रकृति का दिया हुआ बहुत बड़ा वरदान है।

3. पेड़ से मिल रहे ऑक्सीजन से सभी जीव व प्राणी जीवित हैं।

4. पेड़ से हमें फल, फूल, लकड़ियां प्राप्त होते हैं।

5. कई पेड़ों से हमें गुणकारी औषधियां प्राप्त होते हैं।

प्रश्न-23. यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर

परिभाषा : - जहाँ पर एक शब्द की एक से अधिक बार आवृत्ति होती है और सभी का अर्थ अलग-अलग हो वहां पर यमक अलंकार होता है।

उदाहरण - ऊधौ जोग जोग हम नाहीं।

प्रस्तुत पंक्ति में 'जोग' शब्द की दो बार आवृत्ति हुई है। इसमें पहले जोग का अर्थ 'योग साधना' और दूसरे का अर्थ 'योग्य' है

प्रश्न-24. आपके अपने विद्यालय के प्रति क्या कर्त्तव्य है ? पाँच वाक्य लिखिए।

उत्तर

विद्यालय को स्वच्छ रखना और दूसरों को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना विद्यार्थी का कर्तव्य होता है। छात्रों का यह दायित्व बनता है कि वह अपने विद्यालय को उन्नत बनाने में अपना सहयोग दें। विद्यार्थी अपने सहपाठियों के साथ मिलकर कक्षा तथा कक्षा के बाहरी परिवेश को सुंदर एवं स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान देना चाहिए।